हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 जून 2026

[गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली]

06 बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्त करने एकजुट हुआ समाज

07 मोदीजी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए...

खबर संक्षेप

दीपदान आज

विदिशा। धर्माधिकारी गिरधर शास्त्री के आचार्यत्व में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आज पूर्णिमा 29 जून सोमवार को गोधुलि बेला में तुलसी आराधना के साथ श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूर्णिमा मनोकामना दीपदान, मंगल आरती एवं अक्षय पुण्यफल प्राप्ति हेतु गो सेवा सम्पन्न होगी। यहां पर महिलाओं द्वारा परिक्रमा भी लगाई जाएगी। मंदिर परिसर में पीपल, वट और तुलसी की 108 परिक्रमा श्रद्धालुओं के द्वारा की जाती हैं।

खंडहर को ढहाया जाए, हादसे की शंका

कुरवाई। पुराने थाने के सामने मेन बाजार में गांधी चौक पर पुलिस विभाग का एक खंडार मकान स्थित है। जिसके नीचे कई खोके रखकर कुछ लोग अपनी दुकानदारी चलाते हैं। पहली ही बारिश में खंडहर मकान धीरे-धीरे करके गिरने लगा है जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। समय रहते सुरक्षित तरीके से इस खंडार मकान को गिराया जाना चाहिए।

डेढ़ लाख बच्चों को पिलाई पोलिया दवा

विदिशा। पांच साल तक के सवा दो लाख बच्चों को पोलिया दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले ही दिन 1 लाख 55 हजार बच्चों को दवा पिलाते हुए 69 प्रतिशत लक्ष्य हासिल हुआ। मुख्य आयोजना जिला अस्पताल में विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा की उपस्थिति में हुआ। शहर के कई इलाकों में काउंटर लगाकर बच्चों को दवा पिलाई गई तो वहीं दूसरी तरफ आंगनबाड़ी केदो में भी बच्चों को दवा पिलाई गई। इसके बाद घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। इस मामले में जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि हालांकि देश में बच्चों के लिए पोलियो का खतरा नहीं है लेकिन दूसरे देशों में यह बीमारी है जिसको देखते हुए एहतियात के तौर पर अपने यहां पर बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। साथ ही यह भी कहा गया कि जिस बच्चे का टीकाकरण हो गया है उन बच्चों को भी यह दवा पिलाई जाएगी।

वैश्य महासम्मेलन का वार्षिक अधिवेशन हुआ

विदिशा। वैश्य महासम्मेलन का वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम हुआ। वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई विदिशा द्वारा रविवार 28 जून को मानव सेवा न्यास भवन विदिशा में वार्षिक अधिवेशन एवं मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वित्त मंत्री राघव जी ने की औश्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकुमार जैन, महामंत्री बीके गुप्ता , भागीय अध्यक्ष डॉक्टर पीके जैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात 35 मेधावी छात्र-छात्राओं का सर्टिफिकेट एवं पारितोषिक देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री केएन गुप्ता, ज्योति शाह आदि मौजूद रहे।

नगर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

विदिशा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि साहू द्वारा विदिशा नगर की कार्यकारणी की घोषणा की है। कार्यकारणी में उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद अनिल यादव, पूर्व पार्षद सुमित जैन, राजीव पीतलिया को स्थान दिया है। वहीं महासचिव पद पर पूर्व पार्षद संजय यादव, अंजना चिढ़ार, मनोज कुशवाहा, पर्वत जाटव, अमजद लाली पठान सहित भानुप्रताप सिंह को स्थान दिया गया है। कोषाध्यक्ष शशांक जैन एवं सचिव के पद पर एडवोकेट जीवन सेन रहेंगे। सुनील शर्मा, राकेश जोशी, जयदीप शर्मा, रोहित साहू, ब्रजेश जाटव, श्रीमती रानी जैन, विशाल सक्सेना, एडवोकेट बीसी सूर्यवंशी (हल्के) सहित अमित गोलू अवस्थी को दायित्व सौंपा गया है। नगर कांग्रेस प्रवक्ता के पद पर नरेश राज साहू व सोशल मीडिया प्रभारी निखिल बंटी महाराज को बनाया गया है।

ग्राम ठर्र पालकी के एसएस वेयर हाउस में रखा हुआ है 80 हजार बोरी सरकारी गेहूं

आंधी-तूफान में उड़ गया गेहूं का वेयर हाउस हजारों टन अनाज भीगा, करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा जिले के ग्राम पालकी में ठर्र रोड पर चली तेज हवा और बारिश के दौरान शनिवार की शाम को वेयर हाउस उड़ गया।

सरकारी आंकड़े के मुताबिक ठर्र पालकी स्थित उदित एवं एसएस वेयर हाउस में 3360 मीट्रिक टन गेंहू का भंडार किया गया है। एसएस वेयर हाउस के मालिक लोचन सिंह राजपूत का कहना है कि सरकारी खरीदी का गेंहू वेयर हाउस में रखा हुआ था। इसके अलावा किसानों का भी निजी अनाज वेयर हाउस में सुरक्षित रखा हुआ था। अचानक आई तेज हवा और बिजली कड़कने से वेयर हाउस ध्वस्त हो गया। वेयर हाउस मालिक का कहना है कि करीब दो किलोमीटर दूर तक वेयर हाउस की टीन चद्दर उड़ गईं। इधर वेयर हाउस उड़ने की खबर लगते ही फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। रविवार को सुबह मौसम साफ होते ही पोकलेन और हाईड्रा मशीन से वेयर हाउस की ध्वस्त दीवारों और वेयरहाउस के क्षतिग्रस्त लोहे के एंगल और जाल को हटाकर गेंहू हटाने की कार्रवाई की गई। गेंहू को तिरपाल से ढंका गया है। लेकिन शनिवार की शाम को हुई बारिश का पानी से वेयर हाउस में रखा गेहूं भीग गया है। हालांकी गेंहू स्टेक में रखा हुआ है इसलिए भारी नुकसान की आशंका नहीं है। यदि समय रहते हुए गेंहू का उठाव करवाकर सुरक्षित दूसरे वेयर हाउस में भिजवा दिया जाए तो सुरक्षित रहने की अभी पूरी गुंजाइश है। वेयर हाउस मालिक लोचन राजपूत का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और गेंहू का उठाव परिवहन भी चालू हो गया है। हालांकी भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। बताया जा रहा है कि वेयर हाउस मालिका को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ेगा। पिछले चार सीजन से वेयर हाउस खाली पड़ा हुआ था। पहली बार गेंहू की खरीदी होने पर मई माह में यह वेयर हाउस भराया था। इस बार मालिक को किराए से अच्छी आमदनी होने की उम्मीद थी।

किसानों का भी निजी अनाज वेयर हाउस में सुरक्षित रखा हुआ था

विदिशा। ग्राम ठर्र पालकी स्थित वेयर हाउस का शेड तुफानी हवा में उड़ गया।

ढाई करोड़ रुपए से अधिक का हुआ नुकसान

एसएस वेयर हाउस ग्राम पालकी में ठर्र रोड पर स्थित है। तुफानी हवाएं चलने से वेयर हाउस पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। करीब दो करोड़ रुपये कीमत का नुकसान वेयर हाउस में हुआ है। इसके अलावा वेयर हाउस मालिक को 50 लाख रुपये से अधिक किराए का नुकसान होगा। इसके साथ ही गेंहू का उठाव तो सुरक्षित तरीके से हो रहा है, लेकिन टीन चादरें उड़ने से जो अनाज भीगा होगा उसका आंकलन तो बाद में हो सकेगा। लोचन सिंह राजपूत के दो वेयर हाउस हैं जिनके एक का नाम उदित वेयर हाउस है और दूसरे का नाम एसएस वेयर हाउस है। इन्होने दोनों वेयर हाउस को एक कर दिया है। इस तरह यह वेयर हाउस काफी बड़ा नजर आता है। इसके सरकारी गेंहू के साथ किसानों का निजी अनाज भी रखा गया था। जिसमें किसानों के बीज का गेंहू से लेकर अन्य उपज भी हो सकती है। किसानों को अपना अनाज उठाने के लिए कह दिया गया है।

नजदीक वेयर हाउस में करेंगे शिफ्ट

उदित और एसएस वेयरहाउस में रखा गेंहू आसपास के खाली किसी अन्य वेयरहाउस में परिवहन करके ले जाया जाएगा। फिलहाल यह गेंहू एफसीआई का है और स्टेट वेयर हाउसिंग ऐजेंसी के द्वारा यह निजी वेयर हाउस किराए पर लिए जाते हैं। अनाज के भंडार को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी वेयर हाउस मालिक की रहती है। वेयर हाउस ध्वस्त होने की स्थिति में भारतीय खाद्य निगम और जिला प्रशासन के खाद्य विभाग अलर्ट हो गया है।

वेयर हाउसों की मजबूती की हो जांच

पहले भी वेयरहाउस ध्वस्त होने की घटनाएं हो चुकी हैं। बताया जा रहा है एसएस वेयर हाउस का काफी मजबूती से निर्माण किया गया था। इसके बाद भी तेज हवा में टिक नहीं सका। ऐसे में जिले के अन्य सभी वेयर हाउसों की जांच होना चाहिए।

जिला अभिभाषक संघ आज नाम वापसी होगी कोषाध्यक्ष निर्विरोध

विदिशा। जिला अभिभाषक संघ विदिशा के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में शनिवार को दावेदारी जताने के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए तीन नाम सामने आए हैं। सिर्फ कोषाध्यक्ष पद के लिए निशा सिंह का एकमात्र आवेदन आया है और यह पद महिला एडवोकेट के लिए आरक्षित था। इस तरह वे निर्विरोध घोषित हो जाएंगी। जिनमें चक्रवर्ती जैन, खिलान सिंह रघुवंशी और मदन किशोर शर्मा ने फार्म जमा किया है। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए धर्मेन्द्र सिंह किरार, प्रेमनारायण शर्मा और जीवन सिंह सेन ने दावेदारी जताई है। इसी तरह सचिव पद के लिए सिर्फ दो उम्मीदवार आमने सामने नजर आ रहे हैं। राजनारायण तिवारी और रविंद्र रघुवंशी (331) ने दावेदारी पेश की है। सह सचिव पद के लिए भी दो उम्मीदवार सामने आए हैं। जिनमें उमेश कुमार विश्वकर्मा और रहमत अली ने दावेदारी का फार्म जमा किया है। इसी तरह वाचनालाय सचिव पद के लिए जीवर सिंह किरार और श्रीमति ममता जैन उम्मीदवार हैं। वरिष्ठ कार्यकारिणी में कुल 6 पद हैं। इस बार इनमें से 2 पद महिला एडवोकेट के आरक्षित हैं। जिसमें सरोज जैन और ऊषा विकरोल का की दावेदारी है तो यह निर्विरोध हो जाएंगी। इसी तरह नीतेश कुमार भल्ला, दिनेशपाल सिंह चंदेल, सुभाष बोहत, विमल प्रकाश तारण और प्रदीप कुमार पांचाल का नाम है। इनमें से चार चुने जाएंगे और एक नाम बाहर हो जाएगा। इसी तरह कनिष्ठ कार्यकारिणी के पद पर आरक्षित दो पदों के लिए अर्चना नरवरिया और जय जैन का नाम आया है। लेकिन शेष चार पदों के लिए पांच उम्मीदवार हैं। इनमें से चार चुने जाएंगे।

जवान बेटे की मृत्यू से दुःखी मां बेतवा में डूबी, पुलिस जवान ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जवान बेटे की मृत्यू ने डंडापुरा निवासी 55 वर्षीय एक मां को इस कदर तोड़ दिया है वह बार-बार अपनी जान देने की कौशिश कर रहीं हैं। रविवार के दिन बेतवा नदी में एक महिला को डूबने से बचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जवान दशरथ सिंह ने नदी में कूदकर महिला को सुरक्षित निकाला। इसके बाद महिला की पहचान डंडापुरा निवासी संगीता पत्नि संतोष चौबे के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और उन्हे सुरक्षित घर पहुंचाया। चर्चा है कि बेटे की मृत्यू के बाद भी उन्होने इस तरह का कदम उठाने का प्रयास किया था लेकिन परिजनों ने देख लिया तो उन्हे बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार परिजनों ने डॉक्टर को दिखाया है। मोहल्ले वाले ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं सदमें को सहन करनी की शक्ति मां को प्रदान करें। तीन दिन पहले संतोष चौबे के जवान बेटे की मृत्यू हुई है। करीब दो तीन माह पहले बेटे शानू चौबे (32) को हृदयघात हुआ था। उपचार कराने के बहुत प्रयास किए लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हो सका।

पूर्व जपं अध्यक्ष ने लगाया पानी की टंकी में घटिया निर्माण का आरोप

विदिशा। जनपद पंचायत ग्यारसपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम मूड़री में पानी की टंकी का निर्माण किया गया है। ग्रामीणजनों का आरोप है कि टंकी का निर्माण करते समय अनियमितताएं बरती गई हैं। इससे टंकी कमजोर रह गई है। पूर्व जपं अध्यक्ष छत्रपाल शर्मा का आरोप है कि गर्मी में कोई तराई नहीं की गई। पानी की कोई व्यवस्था ही नहीं थी।

ज्यादती के मामले में सिरोंज संजीवनी अस्पताल के डॉ संजीव माथुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल भेजा

पीड़िता से गलत काम करने के बाद किसी को बताने पर जान से मारने की दी थी धमकी

न्यायालय से डॉ संजीव माथुर को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

डॉ संजीव माथुर को गिरफ्तार कर ले जाती हुई पुलिस

सिरोंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कार्रवाई करते हुए ज्यादती के मामले में अपराधी बनाए गए डॉ संजीव माथुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

सिरोंज पुलिस थाना में 24 जून को पीड़िता की शिकायत पर छेड़छाड़ सहित ज्यादती का प्रकरण दर्ज किया था। पीड़िता द्वारा आरोप लगाया गया था कि संजीवनी अस्पताल सिरोंज में उपचार के दौरान आरोपी डॉ. संजीव माथुर द्वारा उसके साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ की गई। इसके बाद गलत काम किया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत के आधार पर थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 287/2026 अंतर्गत धारा 74, 75(1)(i), 64(1), 332(बी) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर के मार्गदर्शन में सिरोंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 28 जून रविवार को आरोपी डॉ. संजीव माथुर को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिरोंज निरीक्षक गजेंद्र बुंदेला, उप निरीक्षक गोसिया सुल्तान, उप निरीक्षक वीरेंद्र कश्यप, प्रधान आरक्षक आत्माराम, आरक्षक विष्णु तोमर एवं आरक्षक वीरेंद्र धाकड़ सहित पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आमवाली कॉलोनी में पहली बारिश से आफत, हुई कीचड़

सीवेज लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क पर कीचड़

विदिशा। बंटीनगर आमवाली कॉलोनी में समस्या बताते हुए मोहल्ले के रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर के बंटीनगर क्षेत्र की आमवाली कॉलोनी में सीवेज के लिए डाली गई लाइन के चलते पहली ही बारिश में कीचड़ हो गई। मोहल्ले के रहवासी परेशान हैं और समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।

शहर के वार्ड 32 में विकास कार्यों के तहत डाली गई सीवेज लाइन पहली ही बारिश में मुसीबत साबित हो गई। सीवेज लाइन डालने के बाद पक्की सड़क नहीं बनाई जा सकी है। इसके चलते सीवेज लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क पर कीचड़ हो गई है। शहर के वार्ड नंबर 32 के बंटीनगर इलाके व आमवाली कॉलोनी समेत इस इस इलाके में सीवेज के लिए लाइन बिछाई गई है। शनिवार को हुई जोरदार बारिश के बाद सड़कों पर कीचड़ हो पानी आ गया। निकलना मुश्किल हो गया। हर साल बारिश के दौरान इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। रास्ता न होने के चलते ऑटो चालक घर तक नहीं आते और बच्चों को पैदल ही में रोड तक जाना पड़ता है। वहीं यहां पर रहने वाले लोगों के वाहन भी नहीं निकाल पाते जिसके चलते उन्हें खुले मैदान में रखना पड़ता है। अब बारिश के दौरान बच्चों को स्कूल ले जाने वाले ऑटो भी बंद कर देते हैं। लोगों ने बताया कि यह परेशानी पिछले 3 साल से बरकरार है।

ट्रक पलटा तो बाइक सवारों ने चोरी का प्रयास किया

ग्यारसपुर। शुक्रवार रात करीब 9 बजे इंदौर से सिंगरौली जा रहा सुप्रीमो कंपनी का प्लास्टिक की टंकियों से भरा ट्रक एनएच 146 ग्यारसपुर के पास राज परिसर से आगे पलट गया। ट्रक चालक देवेंद्र प्रजापति के अनुसार सागर की ओर से आ रही एक कार ने अचानक ओवरटेक किया, तभी सामने से विदिशा की दिशा से ट्रक आ रहा था। आमने-सामने की टक्कर से बचने के लिए चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को सड़क की पटरी से नीचे उतारा तो पलट गया। ट्रक में करीब 40 प्लास्टिक पानी की टंकियां, पाइप सहित लगभग 5 से 6 लाख रुपये का सामान लदा था। हादसे के बाद कुछ बाइक सवारों ने ट्रक से टंकियां चोरी करने का प्रयास कर मारपीट की कोशिश की। सूचना मिलते ही डायल-100 पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया।

भीषण गर्मी से जूझ रहे संदीपनी विद्यालय के विद्यार्थी

ग्यारसपुर। संदीपनी विद्यालय ग्यारसपुर के सैकड़ों विद्यार्थी इन दिनों भीषण गर्मी और उमस के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय का बिजली कनेक्शन ग्रामीण फीडर से जुड़े होने के कारण अधिकांश समय बिजली गुल रहती है, जिससे स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, पंखे, एसी सहित बिजली से संचालित सभी व्यवस्थाएं ठप हो जाती हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ प्रवेश प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। विद्यालय के प्राचार्य ज्योति प्रकाश नेमा ने बताया कि बिजली कंपनी के ठेकेदार को विद्यालय का कनेक्शन ग्यारसपुर नगर फीडर से देना था, लेकिन उसे ग्रामीण लाइन से जोड़ दिया गया। परिणामस्वरूप आठ घंटे में केवल एक-दो घंटे ही बिजली मिल पाती है। संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। विद्यालय प्रबंधन एवं छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र नगर फीडर से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

भरतपुर के अपना घर आश्रम से प्रेरित हो विदिशा में शुरू हुआ आश्रम

दीनहीन, लाचार, असहाय लोगों को प्रभूजी मानकर सेवा करने वाले अपना घर आश्रम को भरतपुर में किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा। भरतपुर में सम्मान प्राप्त करते हुए विदिशा अपना घर आश्रम सचिवगण।

रविवार 28 जून को विदिशा का अपना घर आश्रम राजस्थान के भरतपुर में सम्मानित हुआ। भरतपुर राजस्थान में जहां की अपना घर आश्रम जिसकी देश में 70 शाखाएं एवं एक नेपाल में शाखा है जो की मानसिक दिव्यांग, असहाय, अनाथ, लाचार, बेसहाराओं को आश्रय देती हैं। विदिशा की शाखा में भी इस तरह के असहाय लोगों को रखकर सेवा की जा रही है। यहां सेवा करते समय आश्रम में रहने वाले असहाय लाचार लोगों को प्रभूजी कहकर संबोधित किया जाता है। उनकी सेवा और उपचार के पश्चात स्वस्थ होने पर उन्हें उनके परिजनों को सौंपा जाता है। भरतपुर मुख्यालय जहां वर्तमान लगभग 17 हजार लोगों की सेवा की जा रही है। इनमें 3700 महिलाएं भी शामिल हैं। भरतपुर आश्रम ने वार्षिक महोत्सव और आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विदिशा के अपना घर आश्रम को उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने के लिए विदिशा से अपना घर आश्रम के सचिव जीएस चौहान और सहसचिव सोहेल अहमद बब्लू पहुंचे। विदिशा आश्रम में भी कई बुजुर्गों की सेवा सुश्रवा होती है। जिनका उपचार से लेकर उत्तम भोजन कराया जाता है।

अपना घर आश्रम के संस्थापक ने किया सम्मान

यह सम्मान आश्रम के संस्थापक डॉक्टर बीएम भारद्वाज एवं डॉ श्रीमती माधुरी भारद्वाज एवं अतिथियों के हाथों सम्मान प्राप्त किया। विदिशा का यह अपना घर आश्रम भी भरतपुर के भारद्वाज दंपत्ति की प्रेरणा से शुरु हुआ है। इस तरह अपना घर आश्रम देभर में 70 शाखाएं सफलतापूर्वक चला रहा है। विदिशा के समाजसेवी इस आश्रम के आजीवन सदस्य हैं।

खबर संक्षेप

कई घण्टों तक बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। रविवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में कई घण्टों तक बिजली प्रदाय बंद रहा। बिजली कंपनी के नए पोल लगाने और मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली की कटौती की गई। सुबह 9 बजे से 1 बजे राजेंद्र नगर, लाल पठार और पचमा के घरेलू और कृषि फीडर बंद रहे। यह कटौती 33 केवी जेल फीडर से जुड़े बनवा सब स्टेशन से निकलने वाले फीडरों पर लागू हुई। वहीं पचमा बायपास क्षेत्र में दोपहर 2 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। बिजली कंपनी के जेई सनी वर्गीस ने बताया कि पोल लगाने और मेंटेनेंस का काम पूरा होते ही बिजली सप्लाई दोबारा शुरू कर दी गई। यहां उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेंटेनेंश कार्य के चलते प्रतिदिन विद्युत कटौती की जा रही। जिससे विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान हैं।

इलाके में खरीफ फसल बुआई का कार्य जोरों पर

गंजबासौदा। विकासखंड में खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य जोरों से चल रहा है। पर्याप्त बारिश हो जाने के बाद किसान खरीफ फसलों की बुवाई में जोर शोर से लगे हुए हैं। दिन एवं रात्रि के समय खेतों में बखरनी, बुवाई कार्य कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी जमा हो गया है, जिसके चलते सोयाबीन और धान की फसल की बुवाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि समय पर बुवाई के लिए यह आवश्यक था। कृषि विभाग अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वरी ने बताया कि विकासखंड में इस वर्ष 55,000 हेक्टेयर में सोयाबीन की बुवाई का लक्ष्य है। वहीं धान का रकबा इस बार घटा है। पिछले वर्ष जहां 30,000 हेक्टेयर में धान लगाई गई थी, इस वर्ष यह घटकर मात्र 20,000 हेक्टेयर रह गया है।

देर तक लगा जाम

गंजबासौदा। रविवार को पचमा बायपास मार्ग पर दोपहर एवं शाम के समय वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम लगा रहा।

बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्त करने एकजुट हुआ समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत रविवार को 38 वें चरण का स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम गंज पुल-कर्बला क्षेत्र में संपन्न हुआ। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए बेतवा नदी में जमा प्लास्टिक, पूजन सामग्री एवं अन्य कचरे को अधिक से अधिक हटाने के उद्देश्य से श्रमदान दल के आह्वान पर सामाजिक, धार्मिक, प्रशासनिक एवं नागरिक संगठनों ने सहभागिता निभाई। स्वच्छता कार्यक्रम में श्रमदान दल के साथ भारतकांत द्विवेदी के नेतृत्व में फीड बैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के लगभग 20 सदस्यों सहित तहसीलदार अरविंद यादव के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका के कर्मचारियों ने अभियान को गति दी। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव अपने नाती के साथ, नितिन यादव के नेतृत्व में अनिल दाऊ फाउंडेशन, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से राजीव द्विवेदी एवं प्रियांशी, पंचतत्व संरक्षक सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, पत्रकारगणों ने भी श्रमदान कर अभियान को मजबूती प्रदान की। विशेष रूप से एसडीओपी शिखा भलावी विभागीय व्यस्तता के बावजूद पुलिस बल के साथ कार्यक्रम में पहुंचीं और श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता का परिचय दिया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स सहित श्रमदान दल के सभी सदस्यों ने भी जनजागरूकता और श्रमदान में सक्रिय भूमिका निभाई।। स्वच्छता अभियान के दौरान नदी से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा, पूजन सामग्री, पॉलीथीन, डिस्पोजेबल सामग्री तथा सर्जिकल वेस्ट निकला, जो न केवल नदी के जल को प्रदूषित कर रहा था बल्कि मानव स्वास्थ्य और जलीय जीवों के लिए भी गंभीर खतरा बना हुआ है। गंज पुल के समीप श्रमदान दल सामाजिक, धार्मिक एवं प्रशासनिक अमले ने नदी के तलहटी में सफाई कर कचरा निकाला, जिसे नपा की जेसीबी मशीन की सहायता से बाहर निकाला गया। जिसे नगरपालिका के ट्रेक्टर, ट्राली से उचित स्थान पर निराकृत कराया गया।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत दूसरे, तीसरे दिन घर-घर पिलाई जाएगी खुराक

विधायक,नपाध्यक्ष ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय परिसर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी, खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि नगर पालिका देवेंद्र यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभा जैन, शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय प्रभारी डॉ. रविंद्र चिढ़ार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ।

इस दौरान अस्पताल में बड़ी संख्या में पोलियो की खुराक पीने के लिए बच्चे आए। इस दौरान शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवन की खुराक पिलाई गई। अभियान के दौरान एसडीएम अनुभा जैन ने भी अपनी दोनों बच्चियों को स्वयं पोलियो की दवा पिलाकर लोगों से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की। डॉ. रविंद्र चिढ़ार ने बताया कि अभियान के तहत क्षेत्र के सभी बूथों एवं घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। यहां उल्लेखनीय है कि 28 से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के सफल संचालन हेतु जिले के सभी विकास खंडों में बूथों, वैक्सीनेटरों एवं सुपरवाइजरों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। बासौदा ग्रामीण में 28,114 बच्चों के लक्ष्य के लिए 237 बूथ बनाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं तथा पोलियो की दो बूंद पिलाकर उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित करें। अधिकारियों ने कहा है कि पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। पल्स पोलियो अभियान के माध्यम से जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंच बनाकर उसे जीवनरक्षक पोलियो खुराक प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। वहीं त्योंदा के स्थानीय अस्पताल प्रबंधन द्वारा भी तैयारी पूर्ण कर ली गईं थीं। रविवार के प्रथम दिन 28 जून को बूथ केंद्रों पर शून्य से 5 साल तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाई गई। इसके लिए त्योंदा क्षेत्र में 238 बूथ केंद्र बनाए गए थे। जिसमें करीब 300 से अधिक कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र में निगरानी के लिए 50 से अधिक सुपरवाइजर तैनात किए गए। प्रथम दिन बूथ केंद्रों पर फिर इसके बाद दूसरे दिन सोमवार और मंगलवार को दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को घर घर पहुचकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

शासकीय शिक्षक संगठन ने घोषित किए विदिशा, नटेरन के अध्यक्ष

गंजबासौदा। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के निर्देशानुसार प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने जिलाध्यक्ष नवल सिंह रघुवंशी, प्रदेश महामंत्री उमेश सोनी की सहमति से विभिन्न ब्लॉकों की टीम घोषित की। जिसमें नटेरन ब्लॉक राजकुमार कुशवाह उच्च माध्यमिक शिक्षक उच्च माध्यमिक शिक्षक सतपाड़ा हाट, हेमंत नरवरिया तहसील नटेरन अध्यक्ष सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल जोहड़ विदिशा तहसील अध्यक्ष संतोष नामदेव माध्यमिक शिक्षक ईपीईएस एमएस पालकी, विदिशा ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह यादव माध्यमिक शिक्षक गवर्मेंट एमएस सतपाड़ा सराय को चुना गया। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने निर्वाचित अध्यक्षो को बधाई देते हुए हमेशा त्याग हेतू तत्पर रहने, शिक्षकों को न्याय दिलाने अग्रिम पंक्ति मे खडे रहने का आव्हान करते हुए कहा। यह कांटो का ताज है जो नाम के साथ संघर्ष भी देता है, इसके लिए तैयार रहना है। जिलाध्यक्ष नवल सिंह रघुवंशी ने नव निर्वाचित अध्यक्षों से शिक्षक हित मे कार्य करने का आव्हान करते हुए शीघ्र ही कार्यकारिणी गठन करने की आशा व्यक्त की है। वहीं प्रदेश संयुक्त सचिव अमर सिंह तोमर ने सभी से संगठन हित और सदैव अन्याय के खिलाफ खड़े रहने हेतु तत्पर रहने का आह्वान किया। संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष संजीव रघुवंशी ने सदा शिक्षक हितार्थ तैयार रहने की बात कही। जिले के शिक्षकों ने निर्वाचित अध्यक्षों को बधाई दी है। बधाई देने वालों में नीलम रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, जितेन्द्र नामदेव, शफाकत हुसैन कादरी, लम्पूराम अहिरवार, महेन्द्र सिंह, निर्भय सिंह, राहुल शर्मा, अरूण पांडे, काशीराम मालवीय, अभिषेक माथुर, अजय शर्मा, रामराजसिंह दांगी, दीपक नामदेव, ज्ञान सिंह लोधी, संजय अहिरवार, संजय विश्वकर्मा, कृपाराम सैन, पूरन सिंह लोधी, माधवी भाटिया, अनीता ठाकुर, सपना शर्मा, रितु सिंह, तृप्ति तिवारी, रश्मि राजपूत, सरिता ठाकुर, प्रेमिला रघुवंशी, सरस्वती सैन, अनीता साहू, ममता छावडा, भारती शर्मा, मुक्ता श्रीवास्तव आदि शिक्षक शामिल है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के नगर प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत नवीन कार्यकारिणी 2026 - 27 का गठन किया गया। प्रांत कार्यसमिति सदस्य योगेश रघुवंशी ने बताया मीडिया कम्प्यूटर कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संगठन पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन कीकार्यशैली से अवगत करवाया। प्रशिक्षण वर्ग उपरांत आयोजित नगर कार्यकारिणी घोषणा में प्रांत कार्यसमिति सदस्य योगेश रघुवंशी एवं जिला संयोजक गोविन्द रघुवंशी मौजूद रहे। कार्यकारिणी में रितिक शर्मा को नगर मंत्री बनाया गया। अभिषेक रघुवंशी, भगवंत पाल, देवांश सोनी, पार्थ रघुवंशी, शिवम बघेल, अंशुल शर्मा, आदित्य मुन्ना रघुवंशी, हर्षित अरोरा, दिव्यांशु शर्मा, रितिक तिवारी, अंश गुप्ता, सनी राठौर, अनुराग पलोड, उत्कर्ष दिवाकर, पीयूष गुप्ता, जीवन लोधी, साहिल शर्मा, सौरभ शर्मा, कान्हा दुबे, ओम, अरमान, गौरांगी द्विवेदी, आयुषी चक्रवर्ती सहित अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस दौरान अनेक अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

एनसीसी, स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के साथ सेफ क्लिक 2.0 पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को सुबह के समय सिटी कोतवाली परिसर में एनसीसी स्काउट गाइड के विद्यार्थीयो के साथ सेफ़ क्लिक 2.0 अभियान की चर्चा की गई एवं मैराथन के जरिये बच्चों कोऑनलाइन गेमिंग के खतरे, सोशल मीडिया एवं इंटरनेट पर फर्जी खबरें, ऑनलाइन जॉब, केवाईसी घोटाले, लॉटरी, ओटीपी धोखाधड़ी के बारे मे स्वयं जागरुक रहने एवं अधिक से अधिक लोगो को जागरुक करने की अपील भी की गई। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीओपी शिखा भलावी, सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी सहित डॉल्फिन स्कूल प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित सहित अनेक विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना

गंजबासौदा। रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। जिसको भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने सुना। हर बार की तरह प्रधानमंत्री के संबोधन में इस बार भी देश में कोने-कोने से आई प्रेरणादायक कहानियों व समाज में बदलाव लाने वाले जमीनी प्रयासों स्वच्छता, जल संरक्षण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। नागरिकों का यही सामूहिक प्रयास एक विकसित भारत की नींव रख रहा है। इस दौरान खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, रुपेन्द्र शर्मा गुड्डा, सरिता रघुवंशी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

हरिद्वार में संतों और विहिप के शीर्ष नेतृत्व की बैठक में डॉ. वेदांती के नाम पर लगी मुहर

रामकमलाचार्य डॉ. वेदांती महाराज बने श्रीराम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के श्री नौलखी आश्रम की तपोभूमि से तपकर राम मंदिर आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे और रामलला के लिए 17 बार जेल जाने वाले जगद्गुरु डॉ रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज को विहिप द्वारा संचालित श्रीराम जन्मभूमि न्यास अध्योया का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। गत दिवस हरिद्वार में भारत के शंकराचार्य, महामंडलेश्वरों, देश के जाने-माने प्रतिष्ठित संतों और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सहित विश्व हिंदू परिषद के विभिन्न अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारियों के बीच हुई मार्गदर्शक मंडल की बैठक में डॉ वेदांती के नाम पर मोहर लगाई गई। डॉ. वेदांती विहिप के मार्गदर्शक मंडल की कार्यकारिणी में राम मंदिर आंदोलन के समय से ही जुड़े हुए हैं और न्यास के अध्यक्ष मनोयन का निर्णय राम जन्मभूमि आंदोलन के संघर्षशील संतों के योगदान के सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। राम मंदिर आंदोलन के उग्र दिनों में जिन संतों ने रामलला के लिए सड़क से लेकर जेल तक का सफर तय किया, उनमें जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज का नाम भी प्रमुख रहा। हरिद्वार में विहिप की मार्गदर्शक मंडल की बैठक में लिए गए इस निर्णय को राम जन्मभूमि आंदोलन के संघर्षशील अध्याय और उससे जुड़े संतों के योगदान के सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान में अमेरिका के न्यू जर्सी में श्रीमद्भागवत कथा, रामकथा कार्यक्रम में व्यस्त जगद्गुरु रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज ने दूरभाष पर हरिद्वार में विहिप की बैठक में अपनी नियुक्ति की पुष्टि की। भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का सपना साकार होने के बाद अब आंदोलन की विरासत, उसके मूल उद्देश्यों और संत समाज की भूमिका को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी नगर में संचालित बाबा जगन्नाथ दास संस्कृत विद्यालय और वेदांत आश्रम के संस्थापक काशी पीठाधीश्वर राम मंदिर के महंत, जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज को सौंपी गई है, जिन्होंने उस आंदोलन को केवल देखा नहीं बल्कि उसे जिया भी है। जगद्गुरु वेदान्ती केवल भारत तक सीमित नहीं हैं। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और अन्य देशों में आयोजित रामकथा, भागवत कथा और वैदिक सम्मेलनों में वे सनातन धर्म का संदेश पहुंचा रहे हैं। वर्तमान में भी वे अमेरिका के न्यू जर्सी में धार्मिक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। हरिद्वार में विश्व हिंदू परिषद की मार्गदर्शक मंडल बैठक में भाग लेने के लिए वे विशेष रूप से भारत आए और बैठक के बाद पुनः विदेश प्रवास पर रवाना हो गए।

जगद्गुरु रामकमलाचार्य वेदान्ती की आध्यात्मिक यात्रा नौलखी तपोभूमि से प्रारंभ हुई। ब्रह्मलीन संत बाबा जगन्नाथ दास महाराज के सान्निध्य में उन्होंने धर्म, संस्कार और वैदिक जीवन के प्रथम पाठ सीखे। बाबा जगन्नाथ दास ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन्हें उच्च अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने भोपाल और काशी में रहकर वेद, व्याकरण, मीमांसा और वेदांत का गहन अध्ययन किया। काशी की विद्वत परंपरा में उन्होंने आचार्य, वेदांताचार्य जैसी उपाधियां प्राप्त कीं तथा संस्कृत विषय में शोध कार्य कर विद्वानों की श्रेणी में अपना स्थान बनाया। डॉ. वेदान्ती केवल धार्मिक मंचों तक सीमित नहीं रहे। 1982 में राम मंदिर आंदोलन के मंचों पर देवरहा बाबा, डॉ. अशोक सिंघल ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें आंदोलन में सक्रिय भूमिका में खड़ा करने के लिए राजी कर लिया और कमान सौंप दी। उन्होंने जनजागरण, संत सम्मेलनों और आंदोलन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। समय के साथ जगद्गुरु रामानंदाचार्य की उपाधि से अलंकृत होने के बाद डॉ. वेदान्ती जी धर्म और आध्यात्मिक जगत के शिखर पर प्रतिष्ठित हैं।

नवनिर्मित शिव मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल गंजबासौदा द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का 135 वाँ चरण शनिवार को शासकीय एसजीएस कॉलेज के पास स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव एवं हनुमानजी के विधिवत पूजन-अर्चन से हुआ। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सात बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठ के उपरांत अर्णव रघुवंशी एवं बहिन नीतू चौबे ने मधुर एवं भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। अंत में महाआरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नगर के अलग-अलग मंदिरों में नियमित रूप से हनुमान चालीसा पाठ आयोजित करने का उद्देश्य प्रत्येक मोहल्ले और वार्ड के युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ना है, ताकि उनमें संस्कार, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित हो तथा नशे की ओर बढ़ रहे युवाओं को नशा मुक्ति की प्रेरणा मिल सके।

कार्यक्रम के समापन पर नीतेश रघुवंशी एवं प्रवीण शुक्ला ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं हिंदू वीरों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हिंदू वीर मोहित तिवारी, नंदकिशोर वर्मा, लखन सिंह गुर्जर, अखिलेश तिवारी, गजराज राय, आकाश जैन, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, नरेंद्र राय, रुद्रांश राजपूत, मनीष सेन, रोहित नाथ, अंशुल सेन, संजय सेन, निषिकांत माथुर, देवांश माथुर, हर्षित तिवारी, सौरभ दुबे, सीताराम शर्मा, कमल किशोर शर्मा, अरुण तिवारी, जैत्र राजपूत, महेंद्र पाल, अनंत तिवारी, तुरंतीलाल शुक्ला, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अनिकेत पाल, सुरेंद्र सिंह दांगी, दीपक रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले के युवा, वरिष्ठजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन तक पहुंचा सेफ क्लिक अभियान

स्कूल, अस्पताल से लेकर बस स्टैंड और आम स्थलों पर चलाया जागरुकता के लिए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सेफ क्लिक 2.0 अभियान चौथे दिवस गांव से शहर तक साइबर जागरूकता की व्यापक मुहिम चलाई गई। 10 हजार लोगों को किया जागरूक करते हुए स्कूल, अस्पताल, बाजार से लेकर रेलवे स्टेशन तक पहुंचा।

कोतवाली विदिशा द्वारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों एवं ऑटो चालकों को जागरूक किया गया। गुलाबगंज रेलवे स्टेशन, ग्यारसपुर बस स्टैंड, बस स्टैंड कुरवाई तथा नई गल्ला मंडी बासौदा में दुकानदारों, व्यापारियों, यात्रियों एवं आमजन को साइबर ठगी, फर्जी कॉल एवं संदिग्ध लिंक से बचने की सलाह दी गई। सिविल लाइन क्षेत्र के दुर्गानगर चौराहा पर भी आमजन को साइबर अपराधों के प्रति सजग किया गया। साइबर अपराध होने पर नागरिकों को बताया गया कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, यूपीआई पिन एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। सेफ क्लिक 2.0 अभियान साइबर अपराधों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे के नेतृत्व में विदिशा पुलिस द्वारा दिनांक 24 जून से 8 जुलाई तक चलाया जा रहा है। लटेरी पुलिस द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में छात्राओं एवं स्टाफ को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं डिजिटल सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पठारी तथा सिरोंज क्षेत्र के निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, यूपीआई पिन एवं पासवर्ड साझा न करने तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। कुरवाई अस्पताल में चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों, आशा कार्यकर्ताओं एवं मरीजों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। वहीं यातायात पुलिस विदिशा द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड में महिला नवआरक्षकों एवं ताइक्वांडो प्रशिक्षणार्थियों को मोबाइल, लैपटॉप एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित तथा साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी। पनावर, खड़ेर, गुलाबगंज, उनारसीकला, रतनबर्री, बमोरीसाला एवं बलरामपुर सहित विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड एवं सोशल मीडिया अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। मेहलुआ चौराहा एवं बागरोद में भी आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। हैदरगढ़ धामनोद में आयोजित जनसभा में व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों को मोबाइल के सुरक्षित उपयोग, बच्चों की डिजिटल सुरक्षा, वित्तीय फ्रॉड से बचाव तथा आपातकालीन नंबर 1930 एवं 112 के संबंध में जानकारी दी गई।

मोदीजी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक उमाकांत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

रविवार दोपहर 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण के अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा मतदान केंद्र क्रमांक 258 पर पहुंचे। यहां उन्होंने बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मन की बात कार्यक्रम का 135 वीं कड़ी को सुना। कार्यक्रम के उपरांत विधायक श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा बूथ समिति की बैठक भी ली।

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज और देशहित में होने वाले प्रत्येक सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्य पर विशेष ध्यान देते हैं। हमें भी अपने-अपने क्षेत्र में जनसहभागिता के साथ रचनात्मक कार्य कर विकास की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनना चाहिए।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत, अमोल सिंह जाटव, बूथ महामंत्री कैलाश जाटव, रामकिशन पटैल, मोहन दास, पप्पू दांगी, सुंदरलाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वारंट की तामीली में न हो लापरवाही एएसपी ने की समीक्षा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

न्यायालयीन कार्यों की समीक्षा हेतु कोर्ट मुंशी एवं मोहर्रिरों की बैठक लेते हुए बारीकी से समीक्षा की। यह बैठक जिले की तामिली व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए पुलिस कंट्रोल रूम में ली गई।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति में रविवार 28 जून को पुलिस कंट्रोल रूम विदिशा में जिले के समस्त थानों में पदस्थ कोर्ट मुंशी एवं न्यायालय कोर्ट मोहर्रिरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरणों में शत-प्रतिशत सजा सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी पैरवी एवं समयबद्ध कार्यवाही की जाए। न्यायालय से प्राप्त समंस एवं वारंट को ऑफलाइन माध्यम के स्थान पर अधिकतम ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त एवं निष्पादित किया जाए। साथ ही प्रत्येक थाना स्तर पर समंस एवं वारंट के त्वरित निष्पादन हेतु निष्पादन अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त समंस एवं वारंट की तामीली के लिए पेशी दिनांक की प्रतीक्षा न करते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए तथा उसकी रिपोर्ट सीसीटीएनएस पोर्टल पर दर्ज की जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि ऑनलाइन प्राप्त समंस एवं वारंट को अनावश्यक रूप से अन्य थानों में स्थानांतरित न किया जाए तथा सभी न्यायालयीन कार्यों में समयबद्धता, पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान सहित जिले के समस्त थाना कोर्ट मुंशी एवं न्यायालय कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे।

कृषि विभाग कार्यालय में उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं की बैठक आयोजित

सिरोंज। रविवार को कृषि विभाग कार्यालय में विकासखण्ड सिरोंज में समस्त उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसएडीओ अनुज कुमार धाकड़ के द्वारा निर्देश दिए गए की कृषकों को प्रमाणित बीज एनएससी द्वारा निर्धारित दर पर प्रदाय किया जाए एवं बीजों का समस्त स्टॉक प्रदर्शन बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए। साथ ही कृषकों को खरीदी का पक्का बिल दिया जाए। उन्होने कहा कि अगर नियमों के उल्लंघन की सूचना प्राप्त होती तो वैधानिक कार्रवाई की जावेगी। साथ ही उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि कृषकों को ई-टोकन में प्रदर्शित दर पर ही उर्वरक का विक्रय करें एवं कोई भी विक्रेता अपना स्टॉक होलसेल आईडी में ना रखें।

निर्मला के विद्यार्थियों ने रैली से दिया नशा मुक्ति का संदेश

सिरोंज। अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में निर्मला कॉन्वेट हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियो के द्वारा जनजागरण हेतु रैली निकालते हुए नशा मुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थी ने हाथों में नशा मुक्ति के संदेश की तख्ती लिये नशा मुक्ति के नारे लगाते हुये नवीन बस स्टेण्ड होते हुये मुख्य नगर पालिका चौराहा पहुंचे जहाँ पर विद्यार्थियो के द्वारा नषा मुक्ति का संदेष देते हुए गीत नषा हर बुरा है दूर ही रहना की प्रस्तुति दी इसके उपरांत कक्षा ग्यारहवी की छात्राओं के द्वारा नषे का दुष्परिणाम को प्रदर्शित करते हुए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति के उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा उपस्थित व्यक्तियों से नषा छोड़ने का संकल्प दिलाया।

चौक चौराहो पर पहुचकर दिया नशा मुक्ति का संदेश - इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा अंकिता बघेल, मुस्कान यादव, निमिता राठौर के द्वारा नशा के दुष्परिणाम पर अपने विचार व्यक्त किए। नगर पालिका क्षेत्र के बाद विद्यार्थियों के द्वारा नगर के बासौदा नाका एवं छतरी नाका पर भी जन जागरण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रमों में अतिथियों के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा, थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देला, यातायात प्रभारी रितेश बघेला उपस्थित रहे। क्रार्यक्रम में नपा कर्मचारी, पुलिस प्रषासन एवं यातायात पुलिस के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश नारायण शर्मा द्वारा किया गया।

विधायक सप्रे ने नीट अभ्यर्थी रागनी विश्वकर्मा की शिक्षा का उठाया जिम्मा

कुरवाई। जनसेवा और शिक्षा के प्रति अपनी संवेदनशील सोच का परिचय देते हुए कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने ग्राम कुल्हन निवासी नीट अभ्यर्थी रागनी विश्वकर्मा की उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व नीट परीक्षा के दौरान समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच पाने के कारण रागनी विश्वकर्मा परीक्षा से वंचित रह गई थीं। इस घटना के बाद विधायक हरिसिंह सप्रे ने छात्रा को अपने कार्यालय बुलाकर उसकी शिक्षा और भविष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के दौरान रागनी ने बताया कि उसकी पढ़ाई के लिए हॉस्टल की फीस लगभग 65 हजार है। यह सुनते ही विधायक हरिसिंह सप्रे ने छात्रा को 65 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी उसकी शिक्षा में आने वाली किसी भी प्रकार की आर्थिक आवश्यकता एवं अन्य सहयोग के लिए वे सदैव साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रतिभाशाली बेटियों की शिक्षा किसी भी परिस्थिति में नहीं रुकनी चाहिए। समाज और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे ऐसी प्रतिभाओं का हर संभव सहयोग करें, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। विधायक की इस पहल से छात्रा रागनी विश्वकर्मा और उसके पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया।

कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने प्लस पोलियो अभियान का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आयोजित पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ आज कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुरवाई में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत की सफलता को बनाए रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वे अपने पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से अभियान को पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ सफल बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर बीएमओ प्रमोद कुमार दीवान, वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम सैनी, विधानसभा संयोजक विनोद जैन आदि उपस्थित रहे।

सरकारी दावों की खुली पोल

ग्रामीण मरीजों की जिंदगी भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

सरकार जहां ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं शमशाबाद क्षेत्र की वास्तविक स्थिति इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। यहां के सरकारी अस्पताल इलाज के केंद्र कम और लापरवाही के अड्डे ज्यादा बन चुके हैं। 100 से ज्यादा गांवों की जिम्मेदारी, लेकिन डॉक्टर नदारद। बरखेड़ा जागीर, वर्धा, पिपलधार और सतपाड़ा हाट के स्वास्थ्य केंद्रों पर करीब 100 गांवों की आबादी निर्भर है। लेकिन हालात ऐसे हैं कि मरीज अस्पताल पहुंचते हैं और उन्हें डॉक्टर तक नहीं मिलते। कई बार बिना जांच के ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

वर्धा स्वास्थ्य केंद्रः हफ्ते में सिर्फ 3 दिन डॉक्टर

वर्धा स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति बेहद चिंताजनक है। यहां डॉक्टर सप्ताह में केवल तीन दिन उपलब्ध रहते हैं। बाकी दिनों में मरीजों को मजबूरन शमशाबाद या विदिशा जाना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या तीन दिन में 30 गांवों के मरीजों का इलाज संभव है?

बरखेड़ा जागीरः इलाज नहीं, किस्मत का भरोसा

बरखेड़ा जागीर में मरीज इस उम्मीद से आते हैं कि शायद आज डॉक्टर मिल जाए, लेकिन अधिकतर उन्हें निराशा ही हाथ लगती है। यहां स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह अव्यवस्थित हैं।

सतपाड़ा हाटः कागजों में डॉक्टर, जमीन पर गायब

सतपाड़ा हाट का अस्पताल गांव से करीब एक किलोमीटर दूर है, जिससे मरीजों को पहुंचने में परेशानी होती है। डॉक्टर की नियुक्ति होने के बावजूद उनकी उपस्थिति संदिग्ध बनी हुई है।

पीपलधारः तालाबंद अस्पताल, मरीज परेशान

पिपलधार स्वास्थ्य केंद्र गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर पट्टन गांव में बना है। यहां हाल ही में डॉक्टर की नियुक्ति हुई है, लेकिन स्टाफ का कोई अता-पता नहीं। अक्सर अस्पताल पर ताला लगा रहता है।

हालात निजी अस्पतालों की ओर बढ़ते कदम..

सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति का फायदा निजी अस्पताल उठा रहे हैं। मजबूरी में ग्रामीण महंगा इलाज कराने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर हो रही है। जब अस्पतालों में डॉक्टर ही मौजूद नहीं हैं, तो सरकार के ह्लबेहतर स्वास्थ्य सेवाओंह्व के दावे कितने सार्थक हैं? आखिर इन हालातों के लिए जिम्मेदार कौन है — स्वास्थ्य विभाग या स्थानीय प्रशासन?

इनका कहना

अस्पताल एक किलोमीटर दूर है, लेकिन डॉक्टर और स्टाफ का कोई पता नहीं। हमेशा ताला लगा रहता है।

— चक्रेश शर्मा, सतपाड़ा हाट

अस्पताल नर्सों के भरोसे चल रहा है। डॉक्टर साहब ज्यादातर कोर्ट पेशी या मीटिंग में व्यस्त रहते हैं। मरीज भगवान भरोसे हैं।

— बृजेंद्र सिंह परमार, बीलखेड़ी

जनपद नटेरन में दिव्यांगों के लिए परीक्षण शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

शासन के निर्देशानुसार आगामी 29 जून को जनपद पंचायत नटेरन परिसर में एक दिवसीय दिव्यांग सहायता हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर की तैयारियां स्थानीय प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई हैं।

जनपद पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें संबल प्रदान करना है। सोमवार 29 जून को शिविर प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें डॉक्टरों की विशेष टीम द्वारा परीक्षण इसी पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता और दिव्यांगता के प्रतिशत के आधार पर कान की मशीन (श्रवण यंत्र), आंखों के चश्मे, बैसाखी, ट्राई-साइकिल और इलेक्ट्रिक स्कूटी सहित अन्य सहायक सामग्रियां प्रदान करने हेतु आवेदन लिए जाएंगे व परीक्षण किया जाएगा।

खबर संक्षेप

खरीफ के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध उर्वरक

रायसेन। जिले में खरीफ वर्ष 2026 के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। कृषि विभाग के उप संचालक केपी भगत ने बताया कि जिले में खरीफ 2026 हेतु उर्वरक लक्ष्य 137050 मैट्रिक टन है। जिले में अभी तक यूरिया, डीएपी, एमओपी, एनपीके तथा एसएसपी को मिलाकर कुल 80136 मैट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हुई है जिसमें से किसानों को 33599 मैट्रिक टन खाद का वितरण हो गया है तथा वर्तमान में 46537 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध है। इसमें यूरिया 20596 मैट्रिक टन, डीएपी 1781 मैट्रिक टन, एमओपी 1806 मैट्रिक टन, एनपीके 9855 मैट्रिक टन तथा एसएसपी 12499 मैट्रिक टन उपलब्ध है। जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने खाद की रैक प्राप्त हो रही हैं।

बेसर में गाय के बछड़े पर तेंदुए ने किया हमला

दीवानगंज। ग्राम पंचायत शाहपुर के गांव बेसर कॉलोनी में रविवार तड़के तेंदुए ने एक बार फिर दस्तक देकर ग्रामीणों में दहशत फैला दी। देर रात करीब 2 से 3 बजे के बीच नवल सिंह पिता इमरत सिंह की गाय का बछड़ा, जो सार में बंधा था, तेंदुए का शिकार बन गया। सुबह जब परिवार ने देखा तो बछड़ा गायब था। तलाश करने पर उसका शव मिला, जिसे तेंदुआ नोचकर खा चुका था।

दूसरी तरफ महंगे खाद-बीज और खेती की बढ़ती लागत ने बढ़ाई अन्नदाताओं की चिंता

जोर नहीं पकड़ रहा 'मानसून', धीमी रफ्तार से हो रही बोवनी, किसानों को सताने लगा सूखे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में मानसून की कमजोर रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तय समय से करीब 13 दिन की देरी से पहुंचे मानसून के बावजूद अब तक जिले में झमाझम बारिश नहीं हो सकी है। कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश होने से खेतों में पर्याप्त नमी नहीं बन पा रही है। यही वजह है कि खरीफ सीजन की बोवनी अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी है।

उपसंचालक कृषि अधिकारी केपी भगत ने बताया कि जून के अंतिम सप्ताह तक जिले में केवल 25 से 30 प्रतिशत क्षेत्र में ही बोवनी हो पाई है, जबकि अधिकांश किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

रविवार को भी दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, लेकिन बारिश नहीं हुई। किसानों का कहना है कि रुक-रुककर हो रही बारिश से खेतों में नमी टिक नहीं रही है। जल्द ही लगातार नहीं हुई तो खरीफ फसलों की बोवनी और उत्पादन दोनों प्रभावित हो सकते हैं। खरीफ सीजन की खेती पर निर्भर हैं। इस वर्ष दो लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खरीफ फसल बोने का लक्ष्य रखा गया है।लेकिन वर्तमान स्थिति को देखते हुए लक्ष्य हासिल करना चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है। कई किसानों ने केवल धान की नर्सरी तैयार की है।जबकि सोयाबीन, मक्का, उड़द और अन्य फसलों की बोवनी अभी भी अधूरी है।

फोकस पॉइंट...

- खरीफ सीजन में 2 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बोवनी का लक्ष्य।
- जिलेभर में अब तक केवल 25 से 30 प्रतिशत क्षेत्र में ही बोवनी हो पाई है।
- खेती में खाद, बीज और कृषि यंत्रों की लागत में बढ़ोतरी से बढ़ी परेशानी।
- कम पानी वाली फसलों की ओर बढ़ रहा किसानों का रुझान।

कृषि लागत भी बढ़ी....

इधर खेती की लागत में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। खाद और बीज के दाम पहले की तुलना में काफी बढ़ गए हैं। किसान महेंद्र यादव, राजेंद्र सिंह यादव बद्री जादोन, शिव नारायण गौर, संतोष पाटीदार, कैलाश विश्वकर्मा, नेपाल सिंह यादव का कहना है कि बाजार से बीज खरीदने पर प्रति एकड़ ढाई से तीन हजार रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है। वहीं उर्वरकों के दाम भी बढ़ने से खेती का बजट बिगड़ गया है। ऐसे में यदि बारिश सामान्य नहीं हुई तो किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है।

खेती के आधुनिक संसाधनों का खर्च भी किसानों की जेब पर भारी पड़ रहा है। ट्रैक्टर ट्रॉली और आधुनिक कृषि यंत्रों से जुताई कराने के लिए करीब 1200 रुपए प्रति घंटे तक किराया देना पड़ रहा है। सो अलग बात है।एक एकड़ खेत की जुताई में औसतन दो घंटे लगते हैं, जिससे प्रति एकड़ लगभग 2400 रुपए खर्च हो रहे हैं। बढ़ती लागत के कारण कई छोटे और सीमांत किसान अब भी पारंपरिक हल से खेत तैयार कर रहे हैं ।ताकि खर्च कम किया जा सके।

जलस्रोतों का जलस्तर घटने से सिंचाई को लेकर बढ़ी चिंता

मानसून की सुस्त चाल का असर अब रायसेन , गैरतगंज तहसील क्षेत्र की खरीफ खेती पर साफ दिखाई देने लगा है। क्षेत्र के किसानों ने करीब 10 से 12 दिन पहले जिन खेतों में धान की रोपाई के लिए नर्सरी की थी, उनमें अब हरियाली नजर आने लगी है। हालांकि पर्याप्त बारिश नहीं होने से अधिकांश किसान धान की बोवनी और खेतों की तैयारी का काम शुरू नहीं कर पा रहे हैं। किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं ।ताकि खेती के काम में तेजी आ सके।

ऊपरी सतह ही गीली, जुताई के लिए तेज बारिश जरूरी

किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में पर्याप्त नमी नहीं है। हल्की-फुल्की बारिश से केवल ऊपरी सतह गीली हुई है।जबकि ट्रैक्टर से जुताई और कोंचड़ तैयार करने के लिए लगातार और अच्छी बारिश जरूरी है। किसानों के अनुसार यदि अगले कुछ दिनों में झमाझम बारिश होती है तो ट्रैक्टर से जुताई का काम तेजी से पूरा होगा और धान की रोपाई व बोवनी भी रफ्तार पकड़ लेगी।

कम बारिश होने से जलस्त्रोत सूखे

कम बारिश का असर जिले के जल स्त्रोतों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। अधिकांश नदी-नाले, तालाब और ट्यूबवेल छोटे जलाशय लगभग सूख चुके हैं। हलाली, अमरावद, बारना और बनछोड़ बांध सहित कई जलाशयों में भी जलस्तर अपेक्षा से कम बना हुआ है। जल विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार और अच्छी बारिश होने के बाद ही जल स्त्रोतों में पर्याप्त पानी का संग्रह हो सकेगा।

कृषि विशेषज्ञ किसानों को सलाह दे रहे हैं कि कम वर्षा की संभावना को देखते हुए कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता दें और पर्याप्त नमी बनने के बाद ही बोवनी करें। साथ ही खेतों में नमी संरक्षण के उपाय अपनाने और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की भी जरूरत है।

कृषि विभाग की सलाह मौसम देखकर करें काम

फिलहाल बारिश की कमी के कारण खेतों में कृषि गतिविधियां अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही हैं। कृषि विभाग के उप संचालक अधिकारी केपी भगत और कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे का भी मानना है कि खरीफ में समय पर वर्षा फसलों की अच्छी शुरुआत के लिए महत्वपूर्ण होती है। किसानों को मौसम की स्थिति पर नजर रखते हुए कृषि विभाग की सलाह के अनुसार काम करना चाहिए।

पुलिस की कार्रवाई: बागोद से अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

क्षेत्र में अवैध नशा कारोबारियों और शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। थाना प्रभारी श्यामराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी एक और कामयाबी हासिल की। पुलिस ने ग्राम बागोद में दबिश देकर एक आरोपी को अवैध देसी शराब

के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को सलामतपुर थाने के एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक नितिन और आरक्षक राहुल रघुवंशी की टीम क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कस्बा भ्रमण (गश्त) पर थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक विश्वसनीय मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम बागोद में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए तत्काल ग्राम बागोद के लिए कूच किया और बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर संदिग्ध को दबोच लिया। आरोपी की पहचान दशरथ प्रजापति (उम्र 36 वर्ष), पिता चंदन सिंह प्रजापति, निवासी ग्राम बागोद के रूप में हुई है। आरोपी के पास अवैध देसी मदिरा प्लेन के कुल 25 क्वार्टर बरामद हुए।

55 वर्ष में गाद से भरा बारना बांध जलभराव क्षमता होती जा रही कम

बारिश की कमी से करीब रवि फसलों पर आ सकता है संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बाड़ी स्थित बारना बांध की नहरों में 1975 से पानी छोड़कर बाड़ी-बरेली तहसीलों के साथ सीहोर की बुधनी तहसील के बकरा क्षेत्र में सिंचाई शुरू हुई। 55 वर्षों में बांध में पानी के साथ आई गाद जमा हो रही है, जिसे जल भराव क्षमता कम हो रही है।

पिछले वर्ष जून माह में बांध का जलस्तर 345.35 मीटर था इस वर्ष भीषण गर्मी और समय से बारिश शुरू न होने के कारण 344.22 मीटर है। कमजोर बारिश से खरीफ और रवि फसलों के लिए पानी की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

नेहरू का विस्तार- 1975 में बारना बांध का सिंचाई रकबा लगभग 40 हजार हेक्टेयर था अब बढ़कर लगभग 1 लाख हेक्टर हो गया है। बारना बांध की बाई मुख्य नहर से उदयपुर तहसील के ग्रामों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने का नेहरा का निर्माण किया है। पुरानी नहरी उप नहरो की हालत खराब बनी हुई है। कई सौ करोड़ रुपए की राशि खर्च कर नहरों को पक्की किए जाने के बाद भी पानी रिसाव की बड़ी समस्या बनी हुई है।

बाड़ी नगर के साथ अन्य स्थानों पर पानी की सप्लाई हो रही है। नेहरो का विस्तार हो रहा है, वहीं बारना बांध की जलभराव क्षमता बढ़ाने की ओर भी सरकार और विभाग के द्वारा कोई प्रयास नहीं किए जाने से निरंतर बारना बांध में जल भराव कम और बारिश कम होने पर इस बार धान फसलों के लिए पानी मिलेगा या नहीं स्थिति बन रही है।

गाद निकलना और रिसाव को रोकना जरूरी

बरना बांध की सिंचाई सुविधा से क्षेत्र के किसान वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन कर देश का अन्य भंडार भरने के साथ आर्थिक स्थिति अच्छी हो रही है। बरना बांध की जल भराव क्षमता बढ़ाने बांध में जमा हुई रेत मिट्टी गाद निकालने के साथ बांद और नहरों की व्यापक स्तर पर मरम्मत जरूरी है। इस वर्ष बांध में कम पानी खरीफ रवि फसलों की सिंचाई के लिए खतरे की घंटी बजा रहा है।

जून समाप्ति की ओर, किसान कर रहे जोरदार बारिश होने का इंतजार

धान का रोपा सूख रहा कब होगी धान की रोपाई?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कृषि प्रधान नर्मदा क्षेत्र में पिछले दो दशकों में बासमती धान की खेती का रखवा निरंतर बढ़ता जा रहा है। बाडी बरेली क्षेत्र को धान का कटोरा कहा जाने लगा है। क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामों के हजारों किसानों द्वारा खरीफ सीजन में मुख्य रूप से बासमती और गैर बासमती धान का लाखों कुंटल उत्पादन कर देश का चावल भंडार भरा जा रहा है।

जून माह समाप्त हो रहा है दो-तीन बार ही प्री मानसून की बारिश के बाद क्षेत्र के हजारों किसान मानसून की जोरदार बारिश शुरू होने का बेसब्री से इंतजार और आसमान की ओर निहार रहे हैं।

भीषण गर्मी उमस, सूख रहा रोपा

जिस प्रकार लंबे समय से संपूर्ण क्षेत्र में तेज धूप गर्मी उमस का माहौल बना हुआ है उससे धान रोपाई के लिए किसानों द्वारा डाला गया रोपा सुख और प्रभावित हो रहा है। बारिश न होने से नदी नाले सूखे पड़े हैं। भूजल स्तर बढऩे के स्थान पर नीचे खिसक रहा है। ऐसी स्थिति में धान की खेती के लिए खेतों की मचाई और धान की रोपाई रुकी हुई है। जब तक भरपूर बारिश और मौसम में ठंडक नहीं आ जाती धान की रोपाई में निरंतर विलंब हो रहा है यदि धान की समय से रोपाई नहीं हुई तो रवि फसलों की बोनी पीछे जाने से उत्पादन में गिरावट आने से किसानों को आर्थिक नुकसान होगा।

गगन निहार रहे किसान

मौसम का मिजाज अजीब सा बना हुआ है कभी तेज धूप गर्मी उमस तो कभी आसमान में बादल छा जाने से बारिश की संभावना बन जाती है। किस मानसून की जोरदार बारिश होने और धान की खेती की गतिविधियां शुरू होने का बेसब्री से इंतजार और आसमानी गतिविधियों पर नजर टिकाकर खरिफ फसल धान के भविष्य की चर्चा कर रहे है।

कई जगह नुकसान, उमस से मिली राहत

आंधी-बारिश का असर, तेज हवाओं ने उड़ाए टीन शेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बीती देर शाम क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली। दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, शाहपुर, बेरखेड़ी चौराहा, कुलहड़िया, नरखेड़ा सहित कई गांवों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी और रिमझिम बारिश हुई। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर टीनशेड उड़ गए और लोगों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा।

अधिक नुकसान जोगीपुरा गांव में देखने को मिला, जहां खिलान सिंह पिता पूरन सिंह और मजीद खान पिता सुलेमान खान के मकानों के ऊपर लगे टीन शेड पाइप समेत उड़कर जमीन पर गिर गए। घटना में दोनों परिवारों को आर्थिक नुकसान हुआ। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

क्षेत्र के कई गांवों में तेज हवा के कारण लोगों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई जगह पेड़ों की डालियां टूटकर सड़क किनारे गिर गईं और लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर



शरण ली। देर रात तक रुक-रुककर रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा। लंबे समय से पड़ रही उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को इस बारिश से काफी राहत मिली। किसानों ने भी बारिश का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा होती है तो धान रोपाई सहित खरीफ फसलों के कार्य में तेजी आएगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जिन मकानों को नुकसान पहुंचा है, उचित मुआवजा दिया जाए।

रामपाल सिंह ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

फोटो। पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए पूर्वमंत्री रामपाल सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

28 जून से 30 जून तक चलने वाले विशेष पल्स पोलियो अभियान में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने सिविल अस्पताल में बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप्स की खुराक देकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियों की खुराक।

इस अवसर पर तहसीलदार प्रमोद उइके, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. नितिन सिंह तोमर, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र सिंह तोमर, डॉ बब्लू साहू, बीपीएम जयसिंह, बीपीओ सुनील राय, कर्मचारी स्टाफ तथा जनपद सदस्य, पार्षद सहित समाजसेवी उपस्थित रहे।

अभियान के तहत 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को गठित टीमों द्वारा पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी।

जिलेभर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

विधायक ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दो बूंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने जिला अस्पताल में मासूम बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के पहले दिन जिला अस्पताल स्थित पोलियो बूथ पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने पहुंचे।

इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी सहित अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओड, डॉ. आलोक राय, ब्रजेश चतुर्वेदी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सोमन दास ने बताया कि जिले में 28 से 30 जून तक चलने वाले इस

अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,84,887 बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में 740 पोलियो बूथ, 1,546 टीमें तथा 240 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और ईंट-भट्टों जैसे संवेदनशील स्थानों पर भी विशेष टीमें तैनात की गई हैं।ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। जिला स्वास्थ्य विभाग के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सोमन दास के अनुसार 28 जून को बूथों पर बच्चों को दवा पिलाने के बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग भी समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं।

नप अध्यक्ष ने किया शुभारंभ, सभी बच्चों को खुराक दिलाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

रविवार को नगर के सिविल अस्पताल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने किया। अभियान के तहत बच्चों को पोलियो से सुरक्षा के लिए दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई। इस दौरान अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी छोटे बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाएं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पल्स पोलियो कार्यक्रम भारत सरकार का राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान है, जिसका उद्देश्य देश से पोलियो का पूर्ण उन्मूलन करना और प्रत्येक बच्चे को इस गंभीर बीमारी से

सुरक्षित रखना है। अभियान के तहत किसी भी पात्र बच्चे को छूटने नहीं देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। 3 दिन तक चलने वाले अभियान के प्रथम दिन रविवार को नगर व अंचल में स्थित बूथ पर पोलिये की खुराक पिलाई गई। द्वितीय व तृतीय दिवस सार्वजनिक स्थानो, यात्री बसों में तथा घर घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

खोया पाया

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि मनमोहन अग्रवाल पिता स्व. श्री रघुनंदन दास अग्रवाल निवासी यशवंत नगर सागर रोड, रायसेन का हूं। श्रीमानजी मैं आवेदक मनमोहन अग्रवाल एवं मेरे भाई अवेधचन्द्र अग्रवाल तथा अजय गोयल के नाम पर कस्बा रायसेन तहसील व जिला रायसेन में भूमि है जिसकी विधिवत् रजिस्ट्री दस्तावेज उपपंजीयक कार्यालय रायसेन में पंजीबद्ध हुये है। जिनकी जानकारी निम्नानुसार - 1. दानपत्र- दानकर्ता मनमोहन अग्रवाल एवं दानग्रहिता शांतनु अग्रवाल निवासी रायसेन भूमि खसरा नं. 222 रकबा 9.11 एकड़ में से 3.04 एकड़ पाटनदेव रायसेन जिसका दस्तावेज कं. 183 ग्रंथ नं. 1663 पेज 4 दिनांक 30.03.2007, 2. विक्रय पत्र - विक्रेता श्रीमती उर्मिला देवी सक्सेना, राजेन्द्र कुमार सक्सेना, निवासी इटावा, क्रेता 1. मनमोहन अग्रवाल, 2. अजय गोयल निवासी रायसेन भूमि स्थित पाटनदेव तहसील रायसेन खसरा नं. 222 रकबा 3.687 हेक्टर दस्तावेज क्रमांक 383, दिनांक 23.10.1989, 3. विक्रय पत्र - विक्रेता अजय गोयल पिता श्री रामस्वरूप् गोयल, निवासी रायसेन, क्रेता- अवधेशचन्द्र अग्रवाल पिता श्री रघुनंदन दास अग्रवाल निवासी रायसेन भूमि स्थित पाटनदेव प. ह.नं. 21/47 खसरा नं 222 में से 4.55 एकड़ भूमि दस्तावेज कं. 1357 ग्रंथ नं. 1002 दिनांक 29.01.1997 है। यह कि उक्त दस्तावेजों की मूल प्रतियाँ मेरे पास घर पर रखी हुई थी। परन्तु घर पर साफ सफाई में वो कहीं रखा गई है जो बहुत ढूढ़ने के बाद नही मिल रही है मात्र उनकी फोटो कापी है। विक्रय पत्र व दान पत्र की ओरिजन प्रतियों की मुझे आवश्यकता है क्योंकि मेरा भूमि, प्लाट, कालोनी संबंधित व्यवसाय है जिसमें उनकी मूल प्रतियों की आवश्यकता पड़ती रहती है। मेरे द्वारा अपनी उक्त सम्पत्ति के दस्तोवजों को कहीं बैंक में बंधक या गिरवी अन्य कहीं नही रखा गया है मूल प्रतियों घर में से कहीं गुम हो गई है। जो नही मिल रही है जिससे इसके संबंध में मैं थाना में सूचना प्रस्तुत कर रहा हूं यदि किसी को मिलती है तो वह उनका दुरूपयोग न कर सकें और मैं संबंधित कार्यालय से उनकी द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकूं। यदि मुझे भविष्य में कभी मूल प्रतियाँ मिल जाती है, तो उसकी सूचना प्रस्तुत कर दूंगा। अतः श्रीमानजी से अनुरोध है कि मेरी सम्पत्तियों के मूल दस्तावेज विक्रय पत्र व दान पत्र की ओरिजन कापी गुम हो जाने की सूचना दर्ज करने की कृपा करें। श्रीमानजी की अतिकृपा होगी। मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है जिसके लिए मैं जबावदार रहूंगा। अगर किसी को रजिस्ट्री मिलती है और वह उसका दरूपयोक करता तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी और उ स का जिम्मेदार वो खुद होगा ।

प्रार्थी
मनमोहन अग्रवाल पिता स्व. श्री रघुनंदन दास अग्रवाल
नि. यशवंत नगर रायसेन जिला रायसेन 9826411444